रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2547] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 1, 2015/अग्रहायण 10, 1937

No. 2547] NEW DELHI, TUESDAY, DECEMBER 1, 2015/AGRAHAYANA 10, 1937

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 नवम्बर, 2015

का.आ. 3228(अ).-- निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उप-धारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उप-धारा (3) के साथ पठित उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है ; और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव देने में हितबद्ध है, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, आक्षेप या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 या ई-मेल पते: esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकेगा ।

प्रारूप अधिसूचना

अनेर बांध वन्यजीव अभ्यारण्य, महाराष्ट्र के धूले और जलगांव जिले में धूले से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित है और पूर्व की ओर अक्षांश 21°23 ’02.37 पूर्व की ओर और 21°26 ’51 पश्चिम की ओर और देशान्तर 75°0 ’56 उत्तर की ओर और 75°06 ’57 दक्षिण की ओर के बीच 82.95 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है |

और, अनेर बांध अभयारण्य अपनी जैव-विविधता के लिए जाना जाता है जहां जैव-विविधता मूल्यों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण विभिन्न प्रजातियों के पक्षी, तितली, सांप, स्तनपायी, कृन्तक, मेंढ़क बिच्छु और घास पाये जाते हैं।

और, अनेर बांध अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को,, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से **पारिस्थितिक संवेदी जोन** के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त **पारिस्थितिक संवेदी जोन** में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उप-धारा (1), उप-धारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उप धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महाराष्ट्र राज्य में अनेर बांध वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 2.25 से 12 किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को अनेर बांध वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकीय संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकीय संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**—(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन अनेर बांध वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 2.25 से 12 किलोमीटर तक विस्तार के साथ 474.87 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक फैला हुआ है और ऐसे जोन का सीमा विवरण **उपाबंध–I** पर दिया गया है ।

(2) निर्देशांकों के साथ-साथ महाराष्ट्र के धूले और जलगांव जिलों में आने वाले पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर 21 ग्रामों की सूची **उपाबंध II** पर उपाबद्ध है |

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र इसके सीमा विवरण के साथ **उपाबंध III** पर उपाबद्ध है ।

(4) अनेर बांध वन्यजीव अभ्यारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के साथ-साथ निर्देशाकों के बिन्दुओं के ब्यौरे **उपाबंध IV** पर उपाबद्ध है ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) आचंलिक महायोजना का अनुमोदन राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा ।

(3) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना राज्य सरकार द्वारा ऐसी रीति जैसा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट है और सुसंगत केन्द्रीय और राज्य विधियों तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों, यदि कोई हो, के अनुरूप भी तैयार की जाएगी ।

(4) आंचलिक महायोजना सभी संबद्ध राज्य विभागों के साथ परामर्श से पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय विचारणों को उसमें एकीकृत करने के लिए तैयार की जाएगी, अर्थात्:—

(i) पर्यावरण ;
(ii) पर्यावरण ;
(iii) वन ;
(iv) नगर विकास ;
(v) पर्यटन ;
(vi) नगरपालिका ;
(vii) राजस्व ;
(viii) कृषि ;
(ix) महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ;
(x) सिंचाई ;
(xi) लोक निर्माण विभाग

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, (5) अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आंचलिक महायोजना सभी अवसंरचना और कार्यकलापों में दक्षता और पारिस्थितिकीय अनुकूलता का संवर्द्धन करेगी।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, आर्किडों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी जिससे कि स्थानीय समुदायों के पारिस्थितिकजन्य विकास और जीविका को सुनिश्चित किया जा सके।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :—

(1) **भू-उपयोग.—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन के अधीन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन मद सं0 9,15,21,26 और 29 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :—

(i) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिकीय अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि;

(ii) विद्यमान सड़कों को चौड़ा और सुदृढ़ करना और नई सड़कों का सन्निर्माण

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) वर्षा जल संचय

(v) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग, सुविधा भंडार और स्थानीय सुविधाएं सम्मिलित हैं।

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 तथा तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में केवल एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा।

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, जो आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में निम्नलिखित रूप में होंगे ।

(ख) पर्यटन महायोजना, पर्यटन विभाग द्वारा वन और पर्यावरण विभाग, राज्य सरकार के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गनिदेशों के अनुसार होगा जिसमें पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व दिया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा ;

(ii) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के आवास के सिवाय अनेर बांध वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर नए होटलों और विश्रामस्थलों के सन्निर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ;

परंतु संरक्षित क्षेत्र की सीमा से आगे पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा तक, पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन सुविधा की दृष्टि से केवल पूर्वपरिभाषित और विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में नए होटलों और रिसोर्टों का स्थापन अनुज्ञात होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(3) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना जोनल मास्टर प्लान का भाग होगा ।

(4) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(5) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(6) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राजस्थान राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(7) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(8) **ठोस अपशिष्ट --** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908(अ), तारीख 25 सितंबर, 2000 नगरपालिक ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(9) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन द्वारा पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.आ.630 (अ) तारीख 20 जुलाई, 1998 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 1998 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(10) यानीय परिवहन - परिवहन की यानीय गतिविधि प्राणीयों के अनुकूल रीति से विनियमित की जाएगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और जब तक ऐसी आंचलिक महायोजना राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार और अनुमोदित नहीं किया जाता है | मानीटरी समिति सुंसगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अधीन यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(11) **औद्योगिक इकाइयां –**

(क) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योगों के किसी स्थापन की अनुज्ञा विधि के अनुसार स्थापित विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योगों के सिवाए नहीं दी जाएगी |

(ख) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर जल, वायु, मृदा, ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले किसी नए उद्योग के किसी प्रस्थापन की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी |

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं.	**क्रियाकलाप**	**टीका-टिप्पणी**
(1)	(2)	(3)
प्रतिसिद्ध क्रियाकलाप :		
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां	(क) सभी नए और विधमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और तोड़ने की इकाईयों को व्यक्तिगत उपभोग के लिए मकानों के सन्ननिर्माण या मरम्मत के लिए और भूमि को खोदने या मकानों के लिए देसी टाइल्स या ईंटों के निर्माण के प्रतिनिर्देश से स्थानीय निवासियों के सदभाविक घरेलू आवश्यकताओं के सिवाए प्रतिषिद्ध किया जाएगा ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम

		भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4.8.2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21.04.2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा।
2.	आरा मशीनों की स्थापना	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मशीनों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
3.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए और विद्यमान प्रदूषण कारित करने वाले का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
4.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
5.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
6.	प्राकृतिक जल निकायों या भू-क्षेत्र में अनपचारित बहिस्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्तारण	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
7.	नए काष्ठ आधारित उद्योग	पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा : परंतु विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग विधि के अनुसार बने रहेंगे : परन्तु यह और कि विद्यमान आरा मशीनों की अनुज्ञप्तियों का नवीकरण उनकी अवधि की समाप्ति पर नहीं किया जाएगा।
विनियमित क्रियाकलाप		
8.	पोलीथीन बैग का उपयोग	तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध।
9.	होटल और विश्राम स्थलों का स्थापन	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए आवास के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर किसी नए वाणिज्यिक होटलों और विश्रामस्थलों की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी। तथापि एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुरूप होंगे।
10.	सन्निर्माण क्रियाकलाप	(क)संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार के नए वाणिज्यिक सन्निर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी। परन्तु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने रिहायशी उपयोग के लिए अपनी भूमि पर सन्निर्माण करने की अनुज्ञा दी जाएगी। (ख) प्रदूषण न कारित करने वाले लघु उद्योगों से संबंधित सन्निर्माण क्रियाकलापों को विनियमित किया जाएगा और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हैं, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुज्ञा के साथ न्यूनतम तक रखा जाएगा। (ग) सदभाविक स्थानीय आवश्यकताओं के लिए सन्निर्माण की अनुज्ञा पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार से एक किलोमीटर तक दी जाएगी और अन्य वाणिज्यिक सन्निर्माण क्रियाकलापों का विनियमन आंचलिक महायोजना के अनुसार किया जाएगा;
11.	वृक्षों की कटाई	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किन्ही वृक्षों की कटाई नहीं होगी।

		(ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी। (ग) आरक्षित वनों और संरक्षित वनों की दशा में कार्य योजना निदेश का अनुपालन किया जाएगा |
12.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए जल का निष्कर्षण सतही और भूमिगत जल अनुज्ञात होगा। (ख) औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल का निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकरण पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिणाम में वह निष्कर्षण करेगा, भी है। (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा। (घ) जल के संदूषण या प्रदूषण, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।
13.	विद्युत केबलों, परेषण लाइनों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण	(i) भूमिगत केबिल लगाने का संवर्धन;
14.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
15.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनिकरण उपाय यथा लागू अनुसार होंगे।
16.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
17.	विदेशी प्रजातियों को लाना	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
18.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
19.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण	उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करना और अबमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन करना होगा।
20.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
21.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग	पारिस्थितिक संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग और जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं।
22.	वन उत्पादों और गैर कास्ठ वन उत्पादों का संग्रहण	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
23.	वायु और यानीय प्रदूषण	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
24.	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
	संवर्धित क्रियाकलाप	
25	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि और मछली पालन	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
26.	वर्षा जल संचयन	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।

27.	जैविक खेती	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
28.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
29.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
30.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग	बायो गैस, सोलर लाइट आदि को बढ़ावा दिया जाए।

5. मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, **महाराष्ट्र राज्य में आने वाले** पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(क)	जिला कलक्टर, धूले	अध्यक्ष
(ख)	कलक्टर, जलगांव का प्रतिनिधि	सदस्य
(ग)	सीईओ, जिला परिषद, धूले	सदस्य
(घ)	पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन का महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए नामित एक प्रतिनिधि	सदस्य
(ङ)	परिस्थिति विज्ञान और पर्यावरण के क्षेत्र में महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए नामित एक विशेषज्ञ	सदस्य
(च)	क्षेत्रीय अधिकारी, महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,	सदस्य
(छ)	क्षेत्र का वरिष्ठ नगर योजनाकार	सदस्य
(ज)	उप मुख्य वन्यजीन वार्डन, धूले संभाग	सदस्य-सचिव

6. निर्देश शर्तें -

(1) मानिटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(3) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संरक्षित क्षेत्र का प्रभारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 (1986 का 29) के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(5) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(6) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्य जीव वार्डन को **उपाबंध V** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी।

(7) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

8. भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, इस अधिसूचना के उपबंध होंगे ।

[फा. सं. 25/92/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध-I

अनेर बांध पारि-संवेदी जोन का सीमा विवरण

1. इस पारि-संवेदी जोन की उत्तरी सीमा **कम्पाट सं.937** से शुरु होती है। कम्पाट सं.937 के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.927 स्थित है। ग्राम वज खुर्द के कम्पाट सं.937 राजस्व क्षेत्र के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.938 और 937 स्थित है।

2. **कम्पाट सं.927** के उत्तर की ओर कम्पाट सं.923 स्थित है। कम्पाट सं.927 के पूर्व में कम्पाट सं.922 स्थित है। कम्पाट सं.927 के दक्षिण की और, कम्पाट सं.935 एवं928 स्थित हैं तथा कम्पाट सं.927 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.936, कम्पाट सं.937 स्थित हैं।

3. **कम्पाट सं.922** के उत्तर की ओर कम्पाट सं.992 स्थित है। कम्पाट सं.922 के पूर्व की ओर कम्पाट सं.921 स्थित है, कम्पाट सं.922 के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.928 स्थित हैं और कम्पाट सं.922 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.927 स्थित है।

4. **कम्पाट सं.921** के उत्तर की ओर कम्पाट सं.919 स्थित है। कम्पाट सं.921 के पूर्व की ओर कम्पाट सं.920 स्थित है। कम्पाट सं.921 के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.929 स्थित है और कम्पाट सं.921 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.922 स्थित है।

5. **कम्पाट सं.792** के उत्तर की ओर कम्पाट सं.790 स्थित है। कम्पाट सं.792 के पूर्व की ओर कम्पाट सं.920 स्थित है। कम्पाट सं.921 के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.929 और ग्राम संगवी का राजस्व क्षेत्र स्थित है। दक्षिण की ओर संगवी ग्राम का पी.टी. स्थित है और कम्पाट सं.792 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.919 स्थित है।

6. **कम्पाट सं.812** के उत्तर की ओर, कम्पाट सं.811 स्थित है। कम्पाट सं.812 के पूर्व की ओर, कम्पाट सं.815 स्थित है और कम्पाट सं. 812 के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.813 स्थित है तथा कम्पाट सं.812 के पश्चिम की ओर ग्राम संगवी का राजस्व क्षेत्र स्थित है।

7. **कम्पाट सं.814** के उत्तर की ओर कम्पाट सं.815 स्थित है। कम्पाट सं.814 के पूर्व की ओर, कम्पाट सं.815 और 824 स्थित हैं। कम्पाट सं.814 के दक्षिण की ओर, कम्पाट सं.842 स्थित है और कम्पाट सं.814 के पश्चिम की ओर, कम्पाट सं.813 स्थित है।

8. **कम्पाट सं.824** के उत्तर की ओर कम्पाट सं.816 स्थित है। कम्पाट सं.824 के पर्वू की ओर कम्पाट सं.823 स्थित है। कम्पाट सं.824 के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.825 स्थित है और कम्पाट सं.824 के पश्चिम की ओर जोयादा ग्राम का राजस्व क्षेत्र स्थित है।

9. **कम्पाट सं.827** के उत्तर की ओर, कम्पाट सं.822 स्थित है। कम्पाट सं.827 के पूर्व की ओर, जमन्यापडा ग्राम की ग्राम सीमा स्थित है। कम्पाट सं.827 के दक्षिण की ओर, कम्पाट सं.840 स्थित है और कम्पाट सं.827 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.925 स्थित है।

10. **कम्पाट सं.831** के उत्तर की ओर बखरती ग्राम का राजस्व क्षेत्र स्थित है। कम्पाट सं.831 के पूर्व की ओर कम्पाट सं.832 स्थित है। कम्पाट सं.831 के दक्षिण की ओर अंबा ग्राम का राजस्व क्षेत्र और कम्पाट सं.931 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.830 स्थित है।

11. **कम्पाट सं.832** के उत्तर की ओर बखरती ग्राम का राजस्व क्षेत्र स्थित है, कम्पाट सं.832 के पूर्व की ओर, कम्पाट सं.833 स्थित है और कम्पाट सं.832 के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.838 स्थित हैं और कम्पाट सं.832 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.839 और 831 स्थित हैं।

12. **कम्पाट सं.833** उत्तर की ओर मध्य प्रदेश राज्य सीमा का राजस्व क्षेत्र स्थित है। कम्पाट सं.833 के पूर्व की ओर ग्राम वराला का राजस्व क्षेत्र स्थित है। कम्पाट सं.833 के दक्षिण की ओर, कम्पाट सं.832 स्थित है और कम्पाट सं.833 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.832 स्थित है।

13. **कम्पाट सं.834** के उत्तर की ओर, ग्राम वराला का राजस्व क्षेत्र स्थित है, कम्पाट सं.834 के पर्वू की ओर कम्पाट सं.835 स्थित है। कम्पाट सं.832 के दक्षिण की ओर ग्राम हिगांव का राजस्व क्षेत्र स्थित है और कम्पाट सं.834 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.833 स्थित है।

14. **कम्पाट सं.835** के उत्तर की ओर ग्राम वराला का राजस्व क्षेत्र स्थित है, कम्पाट सं.835 के पूर्व की ओर कम्पाट सं.836 स्थित है। कम्पाट सं.835 के दक्षिण की ओर ग्राम हिवार खेड़ा का राजस्व क्षेत्र स्थित है और कम्पाट सं.835 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.834 स्थित है।

15. **कम्पाट सं.836** के उत्तर की ओर ग्राम वराला का राजस्व क्षेत्र स्थित है, कम्पाट सं.836 के पूर्व की ओर, कम्पाट सं.837 स्थित है, कम्पाट सं.836 के दक्षिण की ओर अनेर नदी स्थित है और कम्पाट सं. 836 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.835 स्थित है।

16. **कम्पाट सं.837** के उत्तर की ओर एम.पी. राज्य सीमा स्थित है। कम्पाट सं.837 के पूर्व की ओर एम.पी. राज्य सीमा स्थित है। कम्पाट सं.837 के दक्षिण की ओर, अनेर नदी स्थित है और कम्पाट सं.837 के पश्चिम की ओर, कम्पाट सं.836 स्थित है।

17. चोपदा रेंज के **कम्पाट सं.273** के उत्तर की ओर, एम.पी. राज्य सीमा स्थित है। कम्पाट सं.273 के पूर्व की ओर, कम्पाट सं.272 स्थित है। कम्पाट सं.273 के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.274 स्थित है और कम्पाट सं.273 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.276 स्थित है।

18. **कम्पाट सं.271** के उत्तर की ओर, कम्पाट सं.272 और 273 स्थित है। कम्पाट सं.271 के पूर्व की ओर, चोपदा रेंज की कम्पाट सं.255 स्थित है। कम्पाट सं.271 के दक्षिण की ओर, कम्पाट सं.269 स्थित है और कम्पाट सं.271 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.270 और 274 स्थित है।

19. **कम्पाट सं.269** के उत्तर की ओर, कम्पाट सं.271 स्थित है। कम्पाट सं.269 के पूर्व की ओर, कम्पाट सं.256 और 257 स्थित हैं। कम्पाट सं.269 के दक्षिण की कम्पाट सं.261 और कम्पाट सं.269 के उत्तर की ओर कम्पाट सं.268 स्थित है।

20. **कम्पाट सं.257** के उत्तर की ओर, कम्पाट सं.269 और स्थित 256 हैं। कम्पाट सं.253 के पूर्व की ओर, कम्पाट सं.256 स्थित है। कम्पाट सं.257 के दक्षिण की ओर, कम्पाट सं.258 और 251 स्थित हैं और कम्पाट सं.257 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.269 स्थित है।

21. **कम्पाट सं.258** में उत्तर की ओर कम्पाट सं.257 स्थित है। कम्पाट सं.258 के पूर्व की ओर कम्पाट सं.251 स्थित है । कम्पाट सं.258 के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.259 एवं 251 स्थित हैं और कम्पाट सं.258 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.261 स्थित है।

22. **कम्पाट सं.259** के उत्तर की ओर कम्पाट सं.258 स्थित है। कम्पाट सं 259.के पूर्व की ओर कम्पाट सं. 251 स्थित है। कम्पाट सं.259 के दक्षिण की ओर जलगांव जिले के चुंगाव ग्राम क्षेत्र का राजस्व क्षेत्र स्थित है। कम्पाट सं.259 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.260 स्थित है।

23. **कम्पाट सं.260** के उत्तर की ओर, कम्पाट सं.259 और 263 स्थित हैं। कम्पाट सं.260 के पूर्व की और ग्राम लसुर और चुंगाव का राजस्व क्षेत्र स्थित है। कम्पाट सं.260 के दक्षिण की ओर राजस्व ग्राम लसुर स्थित हैं और कम्पाट सं.260 के पश्चिम की ओर कम्पाट सं.286 एवं 284 स्थित हैं।

24. **इस क्षेत्र की दक्षिणी पूर्वी सीमा गोलांगी-गनपुर-लासुर रोड क्षेत्र में शामिल है**

25. शिरपुर चोपदा रोड के पूर्वी भाग की दक्षिणी सीमा एनएच-3 शिरपुर से शुरू होकर गोलांगी गांव तक जाती है।

26. इस पारि-संवेदी जोन की पश्चिमी सीमा की ओर, ग्राम दहीवाड का राजस्व क्षेत्र स्थित है। ग्राम दहीवाड के उत्तर की ओर खरबंद गांव का राजस्व क्षेत्र स्थित है। गांव दहीवाड के पूर्व की ओर कम्पाट सं. 1014 और 1015 तक ग्राम दहीवाड का राजस्व क्षेत्र स्थित है और दहीवाड ग्राम के दक्षिण की ओर दहीवाड और टोंडे ग्राम का राजस्व क्षेत्र स्थित है।

27. दहीवाड राजस्व क्षेत्र से खरवांड गांव राजस्व क्षेत्र के उत्तर तक की पश्चिमी सीमा पर कम्पाट सं 947.स्थित है।

28. **कम्पाट सं.947** के उत्तर की ओर, कम्पाट सं.946 स्थित है। कम्पाट सं.947 के दक्षिण की ओर करवांड ग्राम का राजस्व क्षेत्र स्थित है और कम्पाट सं.947 के पश्चिम की ओर ग्राम करवांड का राजस्व क्षेत्र स्थित है।

29. **कम्पाट सं.946** के उत्तर की ओर कम्पाट सं.941 स्थित है। कम्पाट सं.946 के पूर्वी की ओर कम्पाट सं. 945 स्थित है। कम्पाट सं.946 के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.947 स्थित है। कम्पाट सं.946 के पश्चिम की ओर करवांड गांव का राजस्व क्षेत्र स्थित है।

30. कम्पाट सं.941 के उत्तर की ओर कम्पाट सं.940 स्थित है। कम्पाट सं.941 के पूर्व की ओर कम्पाट सं. 945 स्थित है और कम्पाट सं.941 के दक्षिण की ओर कम्पाट सं.946 स्थित है तथा कम्पाट सं के पश्चिम 941 की ओर निमजिरी ग्राम का राजस्व क्षेत्र स्थित है।

31. **कम्पाट सं.940** के उत्तर की ओर बरडीपाडा ग्राम का राजस्व क्षेत्र स्थित है। कम्पाट सं.940 के पूर्व की ओर कम्पाट सं.941 स्थित है । कम्पाट सं.940 के दक्षिण की ओर ग्राम निमजिरी का राजस्व क्षेत्र स्थित है और कम्पाट सं.940 के पश्चिम की ओर निमजिरी ग्राम का राजस्व क्षेत्र स्थित है।

32. **कम्पाट सं. 939** के उत्तर की ओर कम्पाट सं.938 स्थित है । कम्पाट सं.934 के पूर्व की ओर कम्पाट सं.935 और 940 स्थित हैं । कम्पाट सं.939 के दक्षिण की ओर निमजिरी ग्राम का राजस्व क्षेत्र स्थित है और कम्पाट सं.939 के पश्चिम की ओर ग्राम वादी बीके का राजस्व क्षेत्र स्थित है।

33. **कम्पाट सं. 938** के उत्तर की ओर कम्पाट सं. 937 स्थित है। कम्पाट सं. 938 के पूर्व की ओर कम्पाट सं.936 स्थित है। कम्पाट सं.938 के दक्षिण की और कम्पाट सं.939 स्थित है और कम्पाट सं.938 के पश्चिम की ओर वादी बीके ग्राम का राजस्व क्षेत्र स्थित है।

उपाबंध-II

अनेर बांध वन्यजीव अभ्यारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों की सूची उनके अक्षांश और देशांतर

क्रम सं.	ग्राम का नाम	अक्षांश	देशांतर
1	2	3	4
	जिला धूले, तहसील शिरपुर		
1	हिसाले	उ.21 16 02.039	पू.75 06 08.848
2	तरदी	उ.21 16 36.160	पू.75 04 29.760
3	भागलज	उ.21 16 43.417	पू.75 03 21.605
4	अजनद	उ.21 17 09.944	पू.75 02 33.085
5	सावर	उ.21 17 41.634	पू.75 01 02.079
6	गोदी	उ.21 18 05.071	पू.75 0007.108
7	भोरखेदा	उ.21 18 25.104	पू.74 59 13.376
8	आसली	उ.21 18 54.883	पू.74 58 55.122
9	टांडा	उ.21 19 25.569	पू.74 57 44.309
10	दहीवाड	उ.21 20 29.526	पू.74 56 50.566
11	नटवडा	उ.21 23 38.659	पू.74 57 08.240
12	लौकी	उ.21 24 47.459	पू.74 56 52.242
13	हदाखेद	उ.21 25 09.631	पू.74 58 41.241
14	सुले	उ.21 23 40.908	पू.74 59 04.484
15	ला. हनुमान	उ.21 23 35.226	पू.75 02 20.462
16	रोहिणी	उ.21 23 18.015	पू.75 05 47.249
17	भोईती	उ.21 23 13.672	पू.75 06 41.269
18	खदखेडा	उ.21 23 52.593	पू.75 08 41.866
	जलगांव जिला, चौपाडा तहसील		
1	गणपुर	उ.21 17 01.291	पू.75 08 17.477
2	मराठा	उ.21 18 37.076	पू.75 09 32.492
3	सतरासेन	उ.21 21 37.549	पू.75 09 05.185

उपाबंध – III

वन संभांग, अनेर बांध वन्यजीव अभ्यारण्य में पारिस्थितिक संवेदी जोन को दर्शाने वाला मानचित्र

उपाबंध- IV

अनेर बांध के प्रस्तावित पारिथितिक संवेदी जोन के निर्देशांक

क्रम सं.	अक्षांश	देशांतर
1	उ.21 27 27.265	पू.74 53 53.108
2	उ.21 28 22.718	पू.74 55 11.447
3	उ.21 28 38.276	पू.74 56 04.106
4	उ.21 28 10.308	पू.74 56 28.317

5	उ.19 28 21.089	पू.74 57 23.916
6	उ.21 29 03.545	पू.74 58 03.643
7	उ.21 29 15.411	पू.74 59 07.234
8	उ.21 29 18.85	पू.75 00 24.777
9	उ.21 28 51.82	पू.75 01 51.169
10	उ.21 26 55.114	पू.75 04 20.546
11	उ.21 26 14.360	पू.75 09 23.651
12	उ.21 21 40.026	पू.75 14 59.963
13	उ.21 15 07.271	पू.75 07 00.318
14	उ.21 17 23.993	पू.75 01 31.595
15	उ.21 18 11.630	पू.74 59 27.827
16	उ.21 19 03.343	पू.74 57 30.288
17	उ.21 20 18.159	पू.74 56 09.449
18	उ.21 21 29.965	पू.74 57 26.289
19	उ.21 23 42.505	पू.74 55 20.332
20	उ.221 26 06.988	पू.74 52 15.363

अनेर बांध अभयारण्य के निर्देशांक

क्रम सं.	अक्षांश	देशांतर
A	उ.21 27 09.797	पू.75 04 10.468
B	उ.21 21 49.342	पू.75 14 19.923
C	उ.21 15 16.678	पू.75 07 37.462

उपाबंध V

की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का प्रोफार्मा - पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति

1. बैठकों की संख्या और तिथि
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें। बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें।
3. आचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)
5. ईआईए अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश। ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं।

6. ईआईए अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश। ब्यौरे एक पृथक उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं।

7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)

8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FORESTS AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 23rd November, 2015

S.O.3228(E).—The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forests and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110003, or send it to the e-mail address of the Ministry at: - esz-mef@nic.in

Draft Notification

WHEREAS, the Aner Dam Wildlife Sanctuary situated about 60 Kms from Dhule in Dhule & Jalgaon Districts of Maharashtra and lying between latitudes 21°23 ´02.37” towards East and 21° 26 ´51” towards West and longitudes 75°0´56” towards North and 75°06´57” towards South is spread over an area of 82.95 sq. kms.

AND WHEREAS, the Aner Dam sanctuary is known for its biodiversity where various species of birds, butterflies, Snakes, Mammals, Rodent, Frog, Scorpion and Grasses are found highly important for biodiversity values.

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area the extent and boundaries of which is specified in paragraph 1 of this notification around the Anerdam National Park as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view and to prohibit industries or class of industry and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

NOW THEREFORE, in exercise of the power conferred by sub section(1) and clauses (v) and (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act 1986 (29 of 1986) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby notifies an area to an extent varying from 2.25 to 12 kms around the boundary of Aner Dam Wildlife Sanctuary in the State of Maharashtra as the Aner Dam Wildlife Sanctuary Eco-sensitive Zone (herein after referred to as the Eco-sensitive Zone) details of which are as under, namely:-

1. Extent and Boundaries of Eco-sensitive Zone.- (1) The Eco-Sensitive Zone is spread over an area of 474.87 square kilometers with an extent upto 2.25 to 12 kms around the boundary of Aner Dam Wildlife Sanctuary and the boundary description of such Zone is given in **Annexure-I**.

(2) The list of 21 villages within Eco-sensitive Zone falling in Dhule and Jalgaon Districts of Maharashtra along with co-ordinates is appended as **Annexure-II.**

(3) The map of the Eco-sensitive Zone along with boundary details is appended as **Annexure-III .**

